बिहार में रामजानकी मार्ग को चार लेन में बनाने की मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

21 जनवरी, 2022 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन को पत्र लिखकर जानकारी दी कि बिहार में रामजानकी मार्ग को चार लेन में बनाने की मंज़ूरी दे दी गई है।

प्रमुख बिंदु

- पत्र में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि रामजानकी मार्ग धार्मिक महत्त्व एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार के अनुरोध को स्वीकार करते हुए इस राजमार्ग को राज्य में चार लेन किया जाएगा।
- बिहार के पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि राज्य में करीब 240 किमी. की लंबाई में बन रहे रामजानकी मार्ग में से सिर्फ 90 किमी. ही फोरलेन मानक के अनुरूप है। शेष 150 किमी. दो-लेन सड़क के रूप में प्रस्तावित है। केंद्र सरकार से 150 किमी. लंबाई को भी फोरलेन किये जाने का प्रस्ताव दिया गया था, जिस पर केंद्र ने अनुमति दे दी है। अब पूरा 240 किमी. लंबा रामजानकी मार्ग चार लेन का होगा।
- राज्य में रामजानकी मार्ग उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित मेहरौना से शुरू होकर सीतामढ़ी ज़िले में नेपाल के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित भिट्ठा मोड़ तक जाता है। इसकी लंबाई लगभग 240 किमी. है।
- पीएम पैकेज बिहार-2015 के अंतर्गत इस पथ के 200 किमी. भाग को फोरलेन सड़क में विकसित करने का काम एनएचआई द्वारा किया जा रहा है।
- इसके साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि बिहार के वैशाली, समस्तीपुर और बेगूसराय ज़िलों में एनएच-122बी के हाज़ीपुर-महनार-बछवाड़ा खंड के पूर्व-निर्माण और महनार से बछवारा खंड के दो-लेन में सुधार के लिये 624.43 करोड़ रुपए के बजट के साथ स्वीकृति दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-to-make-ram-janki-marg-in-bihar-in-four-lanes